## संपादकीय

# भीषण गर्मी से लोग परेशान

देश के विभिन्न इलाकों में भीषण गरमी पड़ने से लोग परेशान हैं। दिल्ली, राजस्थान, मध्यप्रदेश, पंजाब व उत्तर प्रदेश में कई स्थानों पर 46-47 डिग्री तक पारा चला गया।

मौसम विभाग द्वारा अगले पांच दिनों तक लू चलने तथा भीषण गरमी पड़ने का अनुमान जताया है। हिमाचल प्रदेश जैसे पहाड़ी इलाके में भी गरमी बढ़ रही है। गुजरात के तटीय इलाकों में गर्मी और उमस बढ़ गई है। दिल्ली, चंडीगढ़, हरियाणा, पंजाब व राजस्थान के लिए रेड अलर्ट जारी किया गया है।

उप्र, बिहार व गुजरात ऑरेंज अलर्ट में हैं। 'कोढ़ में खाज' यह कि दिल्ली में वायु गुणवत्ता सूचकांक भी खराब हो गया है। कार्बन डाईऑक्साइड यानी प्रदूषण बढ़ने से भी मौसम में शुष्कता बढ़ती जाती है। साथ ही राजस्थान से आने वाली हवाएं अभी दिल्ली को और भी झुलसाएंगी। अल नीनो तथा मजबूत सोलर आइसोलेसन के चलते तापमान लगातार बढ़ रहा है।

वैज्ञानिकों के अनुसार अलनीनो इफेक्ट मध्य व पूर्वी प्रशांत महासागर का तापमान सामान्य से बहुत ज्यादा हो जाता है। भीषण गरमी से जन-जीवन बुरी तरह प्रभावित हो जाता है। हालांकि बच्चों, बुजुगरे व बीमारों का ऐसे में विशेष ख्याल रखने को कहा जाता है, परंतु मौसम की इस मार से सतर्क रहने के हर किसी को प्रयास करने चाहिए।

इस भीषण गरमी के चलते लोगों को हीट स्ट्रोक का खतरा बढ़ रहा है। लू के चलते पेट संबंधी गड़बियां, तेज ज्वर, उल्टी-दस्त आम समस्या हैं।

काम के चलते लोगों को मजबूरी में घरों से बाहर निकलना ही पड़ता है। ऐसे में विशेषज्ञों की राय है कि वे खुद को अच्छी तरह लपेट कर, सिर को ढक कर और ढेर सारा पानी पीकर ही निकलें। लस्सी, शकिंजी, छाछ पीने तथा तरबूज, खरबूजा, खीरा, ककड़ी खूब खाने की सलाह भी दी जा रही है।

कुल मिलाकर आम आदमी के लिए मौसम की मार से बचना लगभग नामुमकिन है। हालांकि ये विपदाएं प्राकृतिक हैं, इनसे सभी को जूझना है। मगर सरकारें चाहें तो दफ्तरों व सरकारी विभागों के काम के समय में परिवर्तन कर सकती हैं। जो या जहां संभव हो, घर से काम की व्यवस्था लागू हो। साथ ही निजी कंपनियों व बाजार को निर्देश जारी कर भोर व देर रात काम की व्यवस्था का आदेश जारी कर सकती हैं। मौसम के अनुरूप व्यवस्था करने के लिए धन से अधिक नैतिक संबल व संवेदनशीलता की जरूरत है।

# वीजा सेवा : बीटीडब्ल्यू की आउटहाउस से वीजा में उद्योग के अग्रणी तक की यात्रा

**मुंबई**

बीटीडब्ल्यू वीज़ा सेवाएँ पुणे के एक आउटहाउस में 2011 में शुरू हुई है, जो एक महत्वपूर्ण निर्णय है। कंपनी ने यात्रा के एक नए युग की कल्पना की, जहां व्यक्ति - व्यापार अग्रणी और निडर पर्यटक-आसानी से अंतरराष्ट्रीय यात्राएं कर सकें। वीज़ा प्रक्रिया, जो एक समय एक जटिल बाधा थी, वह अब उनकी सुविधा प्रदाता बन गई है, संभावनाओं की दुनिया को खोलने की कुंजी बन चुकी है । उस समय उद्योग समूहों और कॉर्पोरेट व्यवस्थाओं पर ध्यान केंद्रित करता था, स्वतंत्र यात्री जो एक विशाल खंड की अनदेखी करता था। बीटीडब्ल्यू वीज़ा ने इस शून्यता में कदम रखा, विशेष वीज़ा परामर्श और सुविधा की पेशकश की, जो उन लोगों के लिए उपयुक्त है जो अपने स्वयं के पाठ्यक्रम को योजना करना पसंद करते हैं।

यात्री की मानसिकता के बारे में उनकी समझ उनकी आधारशिला थी। समय, सुविधा और परेशानी मुक्त प्रक्रियाएँ सर्वोपरि थीं, खासकर व्यापारिक यात्रियों के लिए। बीटीडब्ल्यू वीज़ा ने अभिनव समाधानों के साथ प्रतिक्रिया व्यक्त की: घर-घर दस्तावेज़ संग्रह, सुरक्षित पासपोर्ट लॉजिस्टिक्स, ऑन-साइट कॉर्पोरेट यात्रा प्रत्यारोपण, और प्रमुख शहरों से अपनी पहुंच बढ़ाने वाले उपग्रह सेवा डेस्क।

इस अटूट ग्राहक फोकस ने तेजी से विकास को बढ़ावा दिया। 2014 में, अपनी साधारण शुरुआत के सिर्फ तीन साल बाद, बीटीडब्ल्यू वीज़ा एक प्राइवेट लिमिटेड कंपनी में परिवर्तित हो गई, और उद्योग के भीतर एक ताकत के रूप में अपनी स्थिति मजबूत कर ली।

**ये संख्याएँ एक उल्लेखनीय कहानी बताती हैं: टीम की ताकत:** दो लोगों की शुरुआती टीम से, क्चञ्जङ्ख अब 200 से अधिक समर्पित यात्रा पेशेवरों का दावा करता है। ये सच्चे वीज़ा मास्टर हैं, जो कंपनी की सफलता को आगे बढ़ा रहे हैं।

**वीज़ा विजय:** 2024 में अपनी 13वीं वर्षगांठ तक, उन्होंने आश्चर्यजनक रूप से 255,235+ वीज़ा संसाधित किए हैं, और 35,765 से अधिक ग्राहकों को सेवा प्रदान की है। हर एक एप्लिकेशन एक व्यक्ति के सपने की उड़ान का प्रतिनिधित्व करता है।

**पदचिह्न विस्तार:** पुणे उनका दिल बना हुआ है, लेकिन उनकी पहुंच अब पूरे भारत में फैल गई है। मुंबई, दादर और ठाणे में कार्यालय एक नेटवर्क बनाते हैं जो यह सुनिश्चित करते हैं कि कोई भी यात्री सेवा से वंचित न रहे।

इसकी शुरुआत एक साधारण आउटहाउस में हुई थी, जो अब वीज़ा उत्कृष्टता के लिए समर्पित 3,000 वर्ग फुट की पूरी इमारत में व्याप्त है। उनकी निरंतर नवप्रवर्तन और अटूट प्रतिबद्धता की समयरेखा है:

**2011:** वैयक्तिकृत वीज़ा सेवा के सिद्धांत पर प्रोपराइटरशिप फर्म की स्थापना की गई।

**2014:** प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के रूप में निगमन बड़े पैमाने और महत्वाकांक्षा के एक नए युग का प्रतीक है।

**2017 - 2019:** अखिल भारतीय परिचालन उपस्थिति

**2014 - वर्तमान:** डोर-टू-डोर सेवा, कॉर्पोरेट इम्प्लांट और सैटेलाइट डेस्क जैसे नवाचार बीटीडब्ल्यू को ग्राहक सेवा में अग्रणी रखते हैं।

**2022:** दादर और ठाणे में दो शाखाओं के साथ मुंबई और उपनगरीय यात्रा परिदृश्य में प्रवेश।

**2024** 13 वर्ष की पूर्तता एक महत्वपूर्ण है - उद्योग में अग्रणी, यात्रा का परिवर्तन।

# एनवीडिया अब हर वर्ष डिजाइन करेगा नई एआई चिप : सीईओ

**सैन फ्रांसिस्को**




चिप कंपनी एनवीडिया की ओर से कहा गया है कि वह अब प्रत्येक दो वर्ष के मुकाबले हर वर्ष नई कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) चिप बनाएगी।

कंपनी द्वारा 28 अप्रैल को समाप्त हुई तिमाही के नतीजों में 14 अरब डॉलर का मुनाफा दर्ज किया गया है।

एनवीडिया के संस्थापक और सीईओ जेन्सेन हुआंग की ओर से ब्लैकवेल एआई प्लेटफॉर्म के बाद अब कंपनी हर वर्ष पर एक नई एआई चिप डिजाइन करेगी।

चिप कंपनी की ओर से तिमाही आधार पर 26 अरब डॉलर की आय दर्ज की गई है और इसमें पिछली तिमाही के मुकाबले 18 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई। सालाना आधार पर इसमें 262 प्रतिशत का उछाल देखने को मिला है।

नतीजों के बाद हुआंग ने गुरुवार को एनालिस्ट कॉल में कहा कि नई औधोगिक क्रांति की शुरुआत हो गई है।

उन्होंने इस दौरान कहा कि कंपनियां और देश, एनवीडिया के साथ अपने ट्रिलियन डॉलर के डेटा सेंटर को नए तरीके से (एआई फैक्ट्रियों) ट्रांसफर करने के लिए साझेदारी कर रहे हैं।

आगे कहा कि एआई की मदद से हर इंडस्ट्री को फायदा होगा और इससे कंपनियां लागत और ऊर्जा के मामले में किफायती बन पाएंगी। साथ ही इससे आय बढ़ाने के अवसर भी संस्थाओं को मिलेंगे।

कंपनी ने कहा, हम ग्रोथ की नई लहर के लिए तैयार हैं। ब्लैकवेल प्लेटफॉर्म पूरी तरह से तैयार हो चुका और जनरेटिव एआई के लिए एक ट्रिलियन डॉलर मापदंड वाली एक मजबूत जड़ तैयार कर चुका है। इस दौरान कंपनी की ओर से स्टॉक स्प्लिट का भी ऐलान किया गया।

## एफटी, ओसीसीआरपी की रिपोर्टें भारतीय निवेशकों को प्रभावित करने में विफल, अदाणी समूह के शेयरों में तेजी जारी

**नई दिल्ली ।** दो विदेशी मीडिया संगठनों द फाइनेंशियल टाइम्स और जॉर्ज सोरोस समर्थित ओसीसीआरपी द्वारा पहले जैसे आरोपों के साथ अदाणी समूह पर बार-बार हमले, ऐसी चीजें हैं, जिसे बाजार ने गंभीरता से लेना बंद कर दिया है। रिपोर्टों के बावजूद अदाणी समूह के बाजार पूंजीकरण में 11,000 करोड़ रुपये से अधिक की बढ़ोतरी हुई, जिससे इसका कुल बाजार पूंजीकरण 200 अरब डॉलर हो गया। अदाणी समूह का स्टॉक, अदाणी पावर, पिछले दिन के बंद से 2.1 प्रतिशत की बढ़त के साथ सर्वकालिक उच्च स्तर पर बंद हुआ। यह तीसरी बार है, जब दो विदेशी मीडिया संगठनों ने अदाणी समूह पर नकारात्मक रिपोर्ट प्रकाशित करने के लिए हाथ मिलाया है। निवेशकों का मानना है कि हमले स्टॉक की कीमतों को प्रभावित करने के लिए जानबूझकर किए गए प्रयास हैं। ताजा रिपोर्ट फिर से चल रहे आम चुनावों के बीच की है, जिससे एक बार फिर समय को लेकर संदेह पैदा हो गया है। इसके अलावा, एफटी और ओसीसीआरपी रिपोर्ट में उल्लिखित लेनदेन की पुरानेपन को स्टॉक के लिए 'कोई जोखिम नहीं' वाली घटना माना जाता है।

## आरबीआई का बड़ा फैसला, सरकार को आरबीआई से मिलेगे 2.11 लाख करोड़ रुपए

**नई दिल्ली**




आम चुनाव 2024 के परिणामों के बाद देश में बनने वाली नई सरकार को भारतीय रिजर्व बैंक की तरफ से बड़ा तोहफा दिया जाएगा। केंद्रीय बैंक के बोर्ड ने पहली बार सरकार को लाभांश के रूप में 2.11 लाख रुपये देने का फैसला किया है। भारतीय रिजर्व बैंक ने बैठक में वित्त वर्ष 2024 के लिए केंद्र सरकार के लिए 2.11 लाख करोड़ रुपये के लाभांश को मंजूरी दी, जो वित्त वर्ष 23 की तुलना में लगभग 141 प्रतिशत अधिक है।

वित्तीय वर्ष 2023 में केंद्रीय बैंक ने केंद्र सरकार को अधिशेष के रूप में 87,416 करोड़ ट्रांसफर किए थे। मुंबई में बुधवार को आयोजित केंद्रीय बोर्ड की 608वीं बैठक के दौरान केंद्रीय बैंक के निदेशक मंडल ने दृष्टिकोण के जोखिम सहित वैश्विक और घरेलू आर्थिक परिदृश्य पर विचार-विमर्श किया। इस दौरान बोर्ड ने सरकार को 2,10,874 करोड़ रुपये का अधिशेष हस्तांतरित करने का फैसला किया।

भारतीय रिजर्व बैंक ने 2023-24 के लिए केंद्र सरकार को 2.11 लाख करोड़ रुपये के अब तक के सर्वाधिक लाभांश भुगतान को मंजूरी दी। आरबीआई की ओर से केंद्र को लाभांश या अधिशेष हस्तांतरण के तौर पर वित्त वर्ष 2022-23 के लिए 87,416 करोड़ रुपये दिए गए गए थे। इससे पहले 2018-19 में सबसे अधिक 1.76 लाख करोड़ रुपये की राशि आरबीआई की ओर से केंद्र को लाभांश के तौर पर दी गई थी।

**गवर्नर शक्तिकांत दास की अध्यक्षता में हुई बैठक**

भारतीय रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास की अध्यक्षता में आज मुंबई में भारतीय रिजर्व बैंक के केंद्रीय निदेशक मंडल की 608वीं बैठक आयोजित की गई। बोर्ड ने दृष्टिकोण के जोखिमों सहित वैश्विक और घरेलू आर्थिक परिदृश्य की समीक्षा की। बोर्ड ने वर्ष अप्रैल 2023 मार्च 2024 के दौरान रिज़र्व बैंक के कामकाज पर भी चर्चा की और वर्ष 2023-24 के लिए रिज़र्व बैंक की वार्षिक रिपोर्ट और वित्तीय विवरणों को मंजूरी दी।

# बेंगलुरु को 4 विकेट से हराकर क्वालीफायर-2 में पहुंची राजस्थान

**❐ आईपीएल 2024 से बाहर हुई आरसीबी**

**अहमदाबाद**

राजस्थान रॉयल्स ने आईपीएल 2024 के एलिमिनेटर में रॉयल चैलेंजर्स बैंगलुरु को हराकार क्वालीफायर-2 में पहुंच गई है. राजस्थान ने आरसीबी को 4 विकेट से हराया. अब क्वालीफायर-2 में राजस्थान का सामना 24 मई को सनराइजर्स हैदराबाद से होगा. पहले बल्लेबाजी करने उतरी आरसीबी ने 8 विकेट पर 172 रन बनाए. जवाब में राजस्थान की टीम ने 19 ओवर में 6 विकेट गंवाकर लक्ष्य को हासिल कर लिया. राजस्थान के लिए यशस्वी जयसवाल ने सबसे ज्यादा 45 रनों की पारी खेली. जबकि रियान पराग ने 36 और हेटमायर ने 26 रनों का योगदान दिया. आरसीबी के लिए मोहम्मद सिराज ने 2 विकेट चटकाए. जबकि ग्रीन, लोकी फर्ग्यूसन और कर्ण शर्मा को 1-1 सफलता मिली.



173 रनों की लक्ष्य का पीछा करने उतरी राजस्थान के लिए दोनों ओपनर यशस्वी जयसवाल और टॉम कोहलर-कैडमोर ने अच्छी शुरुआत दिलाई. दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 46 रनों की साझेदारी हुई. लेकिन फिर टॉम कोहलर-कैडमोर को लोकी फर्ग्यूसन ने चलता किया. टॉम कोहलर 15 गेंद पर 20 रन बनाए. इसके बाद 30 गेंद पर 45 रनों की पारी खेलकर जायसवाल आउट हो गए. उन्हें ग्रीन ने चलता किया.

इसके बाद संजू सैमसन 13 गेंद पर 17 रन बनाकर आउट हो गए, उन्हें करण शर्मा ने विकेट के पीछा स्टंप आउट करवाया. फिर 8 रन बनाकर ध्रुव जुरेल रनआउट हो गए. विराट कोहली ने शानदार थ्रो किया था. इसके बाद शिमरोन हेटमायर की 26 रन और रोवमन पॉवेल की 16 रनों की पारी ने राजस्थान को जीत दिलाई.

अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेले गए आईपीएल 2024 के एलिमिनेटर में राजस्थान के कप्तान संजू सैमसन ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया.

## टी-20 विश्व कप के इतिहास में इन गेंदबाजों ने एक पारी में किए हैं सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन

**नईदिल्ली**



टी-20 विश्व कप 2024 की शुरुआत 1 जून से वेस्टइंडीज और अमेरिका की संयुक्त मेजबानी में होने वाला है। वेस्टइंडीज की पिचों पर बल्लेबाजी करना उतना आसान नहीं होगा।ऐसे में स्पिन हो या तेज गेंदबाज वह अपना प्रभाव हर हाल में छोडऩा चाहेंगे। पिछले कुछ सालों में कई गेंदबाजों ने इस टूर्नामेंट में अपनी छाप छोड़ी है।ऐसे में आइए 1 पारी में उनके सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शनों पर एक नजर डाल लेते हैं।

श्रीलंका क्रिकेट टीम के पूर्व स्टार स्पिनर अजंता मेंडिस के नाम टी-20 विश्व कप में सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी प्रदर्शन का रिकॉर्ड दर्ज है।उन्होंने 2012 के विश्व कप में जिम्बाब्वे के खिलाफ 4 ओवर में 8 रन देते हुए 6 विकेट झटके थे। इस दौरान उन्होंने 2 मेडन ओवर भी डाल दिए थे।वह विश्व कप के किसी 1 मैच में 6 विकेट लेने वाले एकमात्र गेंदबाज भी हैं। उस मैच में जिम्बाब्वे को 82 रन से करारी हार मिली थी।

दूसरे स्थान पर भी श्रीलंका के ही दिग्गज स्पिन गेंदबाज रहे रंगना हेराथ हैं।उन्होंने 2014 के ग्रुप-1 मुकाबले में न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के खिलाफ 3.3 ओवर में 3 रन देते हुए 5 विकेट अपने नाम किए थे। चटगांव में खेले गए उस मैच में श्रीलंका ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सिर्फ 119 रन का स्कोर बनाया था।जवाब में हेराथ की धमाकेदार गेंदबाजी के सामने कीवी टीम 15.3 ओवर में 60 रन पर ही सिमट गई थी।

साल 2009 के टी-20 विश्व कप में पाकिस्तान क्रिकेट टीम के पूर्व तेज गेंदबाज उमर गुल ने न्यूजीलैंड के खिलाफ घातक गेंदबाजी करते हुए सिर्फ 6 रन देकर 5 विकेट झटके थे।उनकी इस खतरनाक गेंदबाजी का ही नतीजा था कि कीवी टीम सिर्फ 99 रन पर पवेलियन लौट गई थी।गुल ने उस मैच में सिर्फ 2 की इकॉनमी रेट से गेंदबाजी की थी। उस मुकाबले को पाकिस्तान की टीम ने 6 विकेट से अपने नाम किया था।

## आज का राशिफल

***मेष:*** आज आपका दिन पहले की अपेक्षा अच्छा रहेगा। सामाजिक क्षेत्र में आपकी सक्रियता बढ़ सकती है। किसी काम में आपको सकारात्मक परिणाम मिल सकता है। किसी दोस्तों से मिलने का योग बन रहा है।

***वृष:*** आज आपका दिन फेवरेबल रहेगा। आपका कोई सोचा हुआ काम पूरा हो जायेगा। इस राशि के छात्रों के करियर में आज नया बदलाव आयेगा। जो उनके भविष्य के लिए फायदेमंद होगा। आज सेहत बेहतर बना रहेगा।

***मिथुन:*** आज आपका दिन अच्छा रहेगा। अपना लक्ष्य निर्धारित करने के लिए आप कोई नई योजना बना सकते हैं। कोई अच्छी खबर आपको मिल सकती है। अचानक धन लाभ होने की संभावना है। धार्मिक यात्रा पर जाने की प्लानिंग आप कर सकते हैं। ये यात्रा सुखद भी रहेगी।

***कर्क:*** आज आपका दिन मिला-जुला रहेगा। आपको कुछ काम में किसी अनुभवी व्यक्ति से मदद मिल सकती है। परिवार के साथ मूवी का प्लान बना सकते हैं। पैसों के लेन-देन करने से आपको बचना चाहिए।

***सिंह:*** आज आपका दिन अच्छा रहेगा। आपको अपने सोच और व्यवहार को संतुलित रखना चाहिए। किसी पर ज्यादा भरोसा करने से आपको बचना चाहिए। दाम्पत्य जीवन में मधुरता बढ़ेगी। आपको कोई बड़ा फैसला लेने से बचना चाहिए।

***कन्या:*** आज आपका दिन शानदार रहेगा। आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। इस राशि के छात्रों को अपने शिक्षकों का पूरा-पूरा सहयोग मिलेगा। साथ ही करियर में आगे बढऩे के नए अवसर भी सामने आएंगे। संतान पक्ष की ओर से आपको सुख की प्राप्ति होगी।

***तुला:*** आज आपका दिन ठीक-ठाक रहेगा। ऑफिस के काम में आप बिजी हो सकते हैं। किसी मुद्दे को लेकर आप अपनी बात दूसरों के सामने रख सकते हैं, जिसका प्रभाव कुछ लोगों पर साफ दिखेगा। आज आपका आर्थिक पक्ष नाजुक बना रहेगा।

***वृश्चिक:*** आज आपका दिन खुशियों से भरा रहेगा। ऑफिस में सभी लोगों के साथ बेहतर तालमेल बना रहेगा। अचानक नए स्रोतों से हुआ धन लाभ आपकी आर्थिक स्थिति को संतुलित कर देगा। आप शाम तक किसी समारोह में शामिल हो सकते हैं।

***धनु:*** आज आपका दिन बेहतरीन रहेगा। पारिवारिक रिश्ते मजबूत होंगे। थोड़ी-सी मेहनत करके आप अपने उद्देश्यों को आसानी से प्राप्त कर सकते हैं। आर्थिक स्थिति में काफी सुधार हो सकता है।

***मकर:*** आज आपका दिन उत्तम रहेगा। पारिवारिक मामलों को लेकर आपको थोड़ी भागदौड़ करनी पड़ सकती है। ऑफिस में काम की गति बढ़ेगी, इससे आपका काम समय से पूरा हो सकता है।

***कुंभ:*** आज आपका दिन शानदार रहेगा। कामकाज से जुड़ा कोई बड़ा मौका आपके सामने आयेगा। जिससे लाभ पाने में आप इसमें सफल भी होंगे। घर का माहौल खुशनुमा बना रहेगा। आपको अचानक धन लाभ के अवसर प्राप्त होंगे।

***मीन:*** आज आपका दिन अनुकूल रहेगा। किसी खास काम में आपको फायदा मिल सकता है। भाई-बहन के साथ आपके रिश्ते बेहतर होंगे। जीवनसाथी आपकी बात से प्रभावित हो सकते हैं।

## अजय देवगन की फिल्म मैदान ने ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन प्राइम वीडियो पर दी दस्तक

ईद के मौके पर अजय देवगन फिल्म मैदान लेकर आए थे. इस फिल्म का क्लैश अक्षय कुमार की बड़े मियां छोटे मियां से हुआ था. दोनों ही फिल्मों को ना ईद का फायदा मिला और ना ही ऑडियन्स को पसंद आई. बड़े बजट की ये फिल्म अपनी लागत का आधा भी नहीं कमा पाई है. रिलीज के एक महीने बाद अब मैदान ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज हो गई है. मगर मैदान के ओटीटी रिलीज के साथ एक ट्विस्ट भी है.




मैदान को अमित शर्मा ने डायरेक्ट किया है. इस फिल्म में उनके साथ प्रियामणि लीड रोल में नजर आई हैं. 250 करोड़ के बजट में बनीं मैदान बॉक्स ऑफिस पर सिर्फ 70 करोड़ का कलेक्शन ही कर पाई है. अब देखना होगा ओटीटी पर भी ये लोगों को पसंद आती है या नहीं.

अजय देवगन और प्रियामणि की मैदान प्राइम वीडियो पर रिलीज हुई है. फिल्म हिंदी और इंग्लिश दोनों ही सबटाइटल्स के साथ रिलीज हुई है. हालांकि इसकी रिलीज के साथ एक ट्विस्ट भी है. अभी आपको ये फिल्म देखने के लिए 349 रुपए का रेंट देना पड़ेगा. जी हां अभी मैदान प्राइम वीडियो रेंटल बेसिक में आई है. अगर आपको फ्री में प्राइम पर ये फिल्म देखनी है तो दो और हफ्तों का इंतजार करना पड़ेगा.

## विक्रांत मैसी और मौनी रॉय स्टारर ब्लैकआउट का पोस्टर हुआ रिलीज

**❐ थ्रिलर ड्रामा 7 जून को जियोसिनेमा में देगी दस्तक**

अभिनेता विक्रांत मैसी एक और फिल्म लेकर दर्शकों के बीच आ रहे हैं। लंबे समय से प्रशंसक उनकी नई फिल्म का इंतजार कर रहे थे। 16 मई को आगामी थ्रिलर ड्रामा फिल्म 'ब्लैकआउट' के निर्माताओं ने फिल्म के पहले पोस्टर के साथ रिलीज की तारीख का खुलासा कर दिया। आगामी फिल्म में विक्रांत मैसी और मौनी रॉय मुख्य भूमिका में नजर आएंगे।



निर्माताओं ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक पोस्टर साझा किया, जिसमें फिल्म के कलाकार विक्रांत मैसी, मौनी रॉय, सुनील ग्रोवर और अन्य दिख रहे हैं। निर्माताओं ने पहले पोस्टर के साथ-साथ इसके रिलीज डेट की भी घोषणा कर दी।

## फिल्म मल्हार का फर्स्ट लुक पोस्टर आउट, हिंदी और मराठी भाषा में 31 मई को होगी रिलीज

अभिनेत्री अंजलि पाटिल अपनी आगामी फिल्म मल्हार को लेकर चर्चा में हैं. यह फिल्म अनोखी दोस्ती, नि:स्वार्थ प्रेम और अटूट रिश्तों की कहानी है. फिल्म का फर्स्ट लुक पोस्टर हाल ही में रिलीज किया गया है, जिसमें अंजलि के अलावा शारिब हाशमी, ऋषि सक्सेना, श्रीनिवास पोखले, विनायक पोटदार, मोहम्मद समद और अक्षता अचार्य भी मुख्य भूमिकाओं में नजर आ रहे हैं.




यह फिल्म 31 मई 2024 को सिनेमाघरों में हिंदी और मराठी दोनों भाषाओं में रिलीज होगी. फिल्म का निर्देशन विशाल कुंभर ने किया है, वहीं निर्माण प्रफुल्ल पासड द्वारा किया गया है. फिल्म को वी मोशन पिक्चर्स द्वारा प्रस्तुत किया जा रहा है.

निर्माता प्रफुल पसाड की फ़िल्म मल्हार का पोस्टर लॉन्च मुम्बई के रेड बल्ब स्टूडियो में किया गया जहाँ प्रोड्यूसर डायरेक्टर और सभी ऐक्टर्स के साथ फ़िल्म से जुड़ी पूरी टीम उपस्थित थी। पोस्टर में अंजली पाटिल का लुक एकदम अलग दिख रहा है जो उनके अनोखे किरदार की झलक प्रस्तुत कर रहा है वहीं शारिब हाशमी भी घनी मूंछों में प्रभावित कर रहे हैं।

निर्माता प्रफुल्ल पसाड का कहना है कि मल्हार गांव कच्छ में घटित हो रही तीन स्टोरीज का अद्भुत संगम है। हमने फ़िल्म को रोचक अंदाज में पिरोया है ताकि दर्शकों के लिए पूरा मनोरंजन मिले। यह फिल्म दो सबसे अच्छे दोस्तों की कहानी कहती है। सुनने के यंत्र की मरम्मत के लिए उनके संघर्ष के इर्द-गिर्द यह स्टोरी घूमती है। चक्रव्यूह और न्यूटन सहित कई हिंदी, मराठी और साउथ फिल्मों में अपनी अदाकारी के जौहर दिखा चुकी अभिनेत्री अंजली पाटिल भी मल्हार की इंगेजिंग कहानी को लेकर काफी उत्साहित हैं। वह कहती हैं कि फ़िल्म की तीन कहानियों में से एक कहानी केसर की है जिसकी शादी लक्ष्मण से हाल ही में हुई है जो उस गांव के सरपंच का बेटा है।

## शब्द सामर्थ्य- 66

**बाएं से दाएं**

1. बात, घटना, माजरा, मुकदमा (उर्दू) 3. अलावा, अतिरिक्त 6. प्रेम, इच्छा 7. मां का बच्चे के प्रति प्रेम 8. गलती, जुर्म, गुनाह, दोष 10. मग्न, लीन, खुश, प्रसन्न 12. धनुष, समादेश, फौजी टुकड़ी 13. एक कल्पित पत्थर जो लोहे को छूकर सोना बना देता है 16. हिम्मत, साहस, सामर्थ्य 17. बनावटी, अनुकृति, असली का विलोम 18. अबोध, नासमझ 20. ब्रह्मपुत्र एक प्रसिद्ध हरिभक्त देवर्षि 22. गहरा नीला, काला 23. व्याकुल, बेसब्र 24. मन, चित्त, आदरसूचक तथा सहमति सूचक एक शब्द।

**ऊपर से नीचे**

1. स्वामी, नाथ 2. बेबस, मजबूर, विवश 3. अन्याय, अत्याचार, जुल्म 4. मध्य एशिया का एक देश 5. पुस्तक 9. बहादुर, वीर 11. सैनिक विद्रोह 12. नीच, अधम 12 ए. प्रणाम, झुकना 13. भरण-पोषण करना, परवरिश करना, छोटा झूला, हिंडोला 14. प्रमाण, प्रमाणिक कथन 15. स्वाभाविक ढंक, योग्यता, लियाकत, सभ्यता और शिष्टता, शऊर (उ.) 19. बिजली, तड़ित 21. रात में दिखाई न पड़ने का नेत्र संबंधी रोग।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | 2 | ■ | 3 | | 4 | ■ | 5 |
| | ■ | 6 | | | ■ | 7 | | |
| 8 | 9 | | ■ | 10 | 11 | | ■ | |
| ■ | | ■ | ■ | ■ | | ■ | ■ | ■ |
| 12 | | 12ए | ■ | 13 | | 14 | ■ | 15 |
| | ■ | 16 | | | ■ | 17 | | |
| 18 | 19 | | ■ | 20 | 21 | | ■ | |
| ■ | | ■ | ■ | ■ | | ■ | ■ | ■ |
| 22 | | | ■ | 23 | | | ■ | 24 |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 065 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प | सं | द | ■ | सिं | हा | स | न | ■ |
| ख | ■ | म | ज | दू | र | ■ | का | म |
| वा | द | क | ■ | र | ■ | सं | ब | ल |
| ड़ | ■ | ल | ज्जा | ■ | म | स्का | ■ | य |
| ■ | बा | ■ | ■ | बि | हा | र | ■ | ■ |
| सु | धा | क | र | ■ | न | ■ | ■ | औ |
| रं | ■ | म | ■ | कि | ता | ब | ■ | स |
| ग | ■ | अ | र | सा | ■ | हु | ज्ज | त |
| ■ | श | क्ल | ■ | न | मि | त | ■ | न |

## सू-दोकू- 66

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | 6 | | 8 | | 3 | |
| 9 | | 8 | | 3 | | 4 | | |
| | | | | | | | 5 | |
| 5 | | 2 | | | 7 | | 6 | |
| | 8 | | 4 | | | 1 | | 3 |
| | | | | 9 | | | | |
| 8 | | | 9 | | | | 1 | |
| | 5 | | | 1 | | 6 | | 2 |
| | | 1 | 7 | | | | 4 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.065 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 3 | 8 | 1 | 4 | 9 | 7 | 5 |
| 9 | 5 | 4 | 2 | 6 | 7 | 3 | 1 | 8 |
| 8 | 7 | 1 | 9 | 3 | 5 | | 6 | 2 |
| 6 | 2 | 7 | 5 | 4 | 8 | 4 | 3 | 9 |
| 3 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 2 | 5 | 4 |
| 4 | 1 | 5 | 3 | 2 | 9 | 6 | 8 | 7 |
| 5 | 3 | 2 | 4 | 8 | 6 | 7 | 9 | 1 |
| 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 2 | 5 | 4 | 3 |
| 7 | 4 | 9 | 1 | 5 | 3 | 8 | 2 | 6 |